## एक नजर में

### स्टेशन पर रात में हुई चाकूबाजी, युवक घायल, जीआरपी ने किया मामला दर्ज

**रतलाम।** रेलवे स्टेशन पर फिर से चाकूबाजी की घटना हो गई। इसमें एक सरफिरे ने हमला किया हैं। हमले में युवक गंभीर घायल हुआ। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया है। जीआरपी थाना ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। जीआरपी थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार - रविवार आधीरात में सादिक पिता जावेद 26 वर्षीय निवासी नीमच प्लेटफाम दो के बहार शर्मा रेस्टोरेंट के समीप खड़ा था। तभी सिरफिरा अमन 23 वर्षीय निवासी जावरा फाटक उसके पास आया और बिना किसी बात के चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोपी हमला कर घटना स्थल से भाग गया। चौधरी ने बताया कि घटना की सुचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सादिक को तुरंत जिला चिकित्सालय ले गए, जहा उसका उपचार किया जा रहा है। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। साथ ही आरोपी की तलाश के लिए टीम को रवाना किया गया है।

### 36 बल्क लीटर देसी मदिरा जब्त

**रतलाम।** जिला कलेक्टर रतलाम मिशा सिंह के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोहर खरे के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत 2 जनवरी को वृत्त रतलाम अ प्रभारी अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता द्वारा वृत क्षेत्र के होम गार्ड कोलानी में रवि पड़ीयार के कब्जे से अवैध रूप से संग्रहित 36 बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)' के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस प्रकार कुल जब्त मदिरा कीमत '20000/-' रुपए आंकी गई। उक्त कार्यवाही मे आबकारी आरक्षक बन सिंह अहरे का सराहनीय योगदान रहा।



### नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से राहत हेतु अलाव की व्यवस्था

**रतलाम।** शीत ऋतु में ठंड से राहत हेतु नगर निगम के द्वारा आमजन के लिए शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे है। आमजन ठंड से राहत पाने हेतु मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, महू रोड बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, जावरा फाटक बस स्टैंड, बाजना बस स्टैंड, पोलो ग्राउंड टंकी, कालिका माता प्रांगण, ऋतु राज टंकी, सिविक सेंटर टंकी, महावीर नगर टंकी, दिल बहार चौराहा, नगर निगम, पांजरा पोल रेन बसेरा, सिविक सेंटर रेन बसेरा पर जा सकते है।

### फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन एवं लंबित प्रकरणों को लेकर तहसील में बैठक

**रतलाम।** फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन एवं लंबित प्रकरणों को लेकर तहसील ताल, पिपलोदा एवं सैलाना में आज राजस्व अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। ताल अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन लंबित पेंडेंसी कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु लोकल यूथ सर्वेयरों की निर्देश दिए गये। तहसील पिपलौदा अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन पेंडेंसी कार्य पूर्ण कराने, वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गये। तहसील सैलाना में फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति सुनिश्चित करने हेतु सर्वेयरों एवं सीएससी संचालकों की बैठक लेकर कार्य में गति लाने के निर्देश प्रदान किए गए।

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के लिए सुबह 7 से रात्रि 7 बजे तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

**रतलाम।** कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चैतन्य काश्यप के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण / नगरीय नलजल प्रदाय योजनाओं से प्रदाय किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग एवं जल जनित बीमारियों की रोकथाम एवं निगरानी हेतु कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 102 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 07412 270416 स्थापित किया गया। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रात: 7 से रात्रि 7 बजे तक संचालित रहेगा। कंट्रोल रूम के प्रभारी तहसीलदार भू संसाधन प्रबंधन अखिलेश यादव को नियुक्त किया। कंट्रोल रूम में सहायता हेतु प्रात: 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक सहायक ग्रेड 3 पशुपालन विभाग सुरेन्द्र राठौर, सहायक ग्रेड 3 आबकारी विभाग गोपाल सोनार्थी, कृषि विभाग अमर सिंह सिसोदिया की ड्यूटी लगाई गई है एवं दोपहर 1 बजे से रात्रि 7 बजे तक सहायक ग्रेड 3 पशुपालन विभाग महेंद्र सिंह पंवार, सहायक ग्रेड 3 उद्योग विभाग सुमित भागचंदानी, सहकारिता विभाग मगनलाल गायकवार के ड्यूटी लगाई गई है। सहायक ग्रेड 3 महिला बाल विकास विभाग रोहित मिश्रा, सहायक ग्रेड 3 उद्यानिकी विभाग रितेश सक्सेना, चेनमेन भू संसाधन प्रबंधन धर्मेंद्र सिसोदिया, भू संसाधन प्रबंधन विकास मईडा नगर रिजर्व दल में रहेंगे।

### अभिभाषक संघ अध्यक्ष को पितृ शोक

**जावरा।** ग्राम रियावन निवासी रामविलास धाकड, जावरा अभिभाषक संघ अध्यक्ष जगदीश धाकड, डॉ कमलेश धाकड़ के पिताजी मांगीलाल पटेल 80 वर्ष निवासी रियावन का ब्रेन हेमरेज हो जाने पर रतलाम इलाज के दौरान को निधन हो गया। आपकी अंतिम यात्रा ग्राम रियावन में निज निवास से निकली जो स्थानीय शांतिवन पहुंची। जहां पुत्रगणो ने मुखाग्नि दी। शांतिवन मे सैकड़ों ग्रामीणों ने शब्दो के माध्यम से श्रंद्धाजलि अर्पित की।

### नगर परिषद ने पेयजल टंकियों, फिल्टर प्लांट की सफाई कर डाली दवाई



**बड़ावदा।** पिछले दिनों इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बाद नगरीय निकाय जल वितरण व्यवस्था को लेकर और अधिक चुस्त होते दिख रहे है। नगर परिषद द्वारा वैसे तो समय समय पर पेयजल टंकियों आदि की सफाई की जाती है। किंतु इंदौर की घटना के बाद विशेष सफाई नगर परिषद सीएमओ मनोज कुमार शर्मा की देखरेख में की गई। जिसमें नगर की पेयजल टंकियां, संपवेल, फिल्टर प्लांट एवं सप्लाई लाइन के वाल्व की साफ सफाई उक्त स्थानो की विधिवत सफाई करवा कर नगर में आमजन को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो, ताकि पीने के पानी से कोई भी आमजन मौसमी बीमारी से पीडित ना हो इस बात का ध्यान रखा गया। जल प्रभारी जसवंत मालीवाड़, विजय कुमावत एवं जल सप्लायकर्मीयो ने सफाई की। सीएमओ ने बताया कि पीने के पानी की जांच के लिए पीएचई लैबोरेट्री रतलाम में पानी की जांच भी करवाई गई। फिल्टर प्लांट पर क्लोरीन की गोलियां एलम और पानी को फिल्टर करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर आदि शुद्ध पेयजल के लिए डलवाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष कल्पना कुमावत ने बताया कि नगर परिषद शुद्ध पेयजल नगरवासियों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू से कटिबद्ध है। नगरवासियों को वितरित किए जाने वाले जल में कोई खराबी अथवा दूषित पेयजल दिखाई देता है तो परिषद को अवगत कराए।

# सुबह 11 बजे तक छाया रहा कोहरा, स्कूलों की छुट्टी घोषित

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** नए 2026 की शुरूआत से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो गई हैं। रविवार की सुबह 11 बजे तक कोहरा छाया रहा और कड़ाके की ठंड जारी रही। दोपहर में कुछ समय के लिए दूध जरूर निकली। उधर प्रशासन से कड़ाके की ठंड व शीत लहर के कारण न्यूनतम तापमान में अत्यधिक गिरावट दर्ज होने से स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी हैं। अब जिले के 8 वीं तक के विद्यार्थियों की 6 जनवरी तक छुट्टी रहेगी।

**जिले में 8वीं तक के विद्यार्थियों की 6 जनवरी तक छुट्टी घोषित**

जिले में वर्तमान में शीत लहर के कारण न्यूनतम तापमान में अत्यधिक गिरावट दर्ज की जा रही है। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जिले के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 5 जनवरी से 6 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है।



आदेश में बताया कि उक्त अवधि में अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियाँ, जैसे परीक्षाएँ आदि, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संचालित रहेंगी। जिला प्रशासन द्वारा मौसम की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार आगे निर्णय लिया जाएगा।

ठंड से बचने के लिए अलाव जलते रहे। दोपहर तक कोहरा छाया हुआ था। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग में रविवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहने का अंदेशा जताया है। अक्टूबर माह में ठंड का आगाज हुआ था इसके बाद से लगातार ठंड में उतार-चढ़ाव बना हुआ था। दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे गया था लेकिन अधिकतम तापमान 26 से 30 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा था।

साल 2026 की शुरुआत होते ही मौसम पूरी तरह से बदल चुका है। आसमान में बादल छाए हुए हैं दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शुक्रवार, शनिवार और रविवार के बीच दिन के तापमान में 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार सुबह से ही घाना कोहरा छाया हुआ था। जिसके चलते दृश्यता का प्रतिशत काफी कम हो गया था। 50 मीटर दूर दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह का सफर करने वाले वाहन चालकों को हेडलाइट चालू कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ना पड़ रहा था। सुबह के बाद दोपहर में भी कोहरा छाया रहा और सूर्य देव बादलों से नहीं निकल सके। कड़ाके की ठंड होने पर दिन में भी लोग अलाव तापते दिखाई दिए। दोपहर 2 बजे के लगभग सूर्य देव बादलों से बाहर आए लेकिन 4 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही सर्द हवा की वजह से मौसम में ठंडक बनी रही और सूर्य की रोशनी भी माध्यम रही।

**बहाड़ों पर बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ का दिख रहा असर**

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी की वजह से ठंड बढ़ रही है। रविवार को इसी के चलते कोहरा देर तक नजर आया। आगामी दिनों में भी शीत का असर जारी रह सकता हैं। वहीं रात के तापमान में भी तेजी से गिरावट आएगी। शुक्रवार, शनिवार के बाद रविवार को भी कड़ाके की ठंड से सुबह जहां बाजार देरी से खुले, वहीं शाम भी अधिकांश दुकानें जल्दी बंद होने लगी थी। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों में दिखाई दे रहे थे वहीं सडक़ों पर दुकानों के सामने और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाए जलाई जा रहे थे।



## अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन वानखेड़े ने पेयजल पाइपलाइन का किया निरीक्षण

**रतलाम।** शहर में हो रहा पेयजल वितरण और सीवरेज लाईन कार्य का निरीक्षण अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन भोपाल ने रविवार को किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर कार्य को देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए।

अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन भोपाल कैलाश वानखेड़े ने राविवार को रतलाम पहुंच कर शहर की पेयजल की सप्लाई व्यवस्था के लिए लगाई गई पाइपलाइन की मरम्मत एवं सीवर लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल मे अन्य प्रदूषित जल नहीं मिलना चाहिए। सभी को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। गंदे पेयजल की शिकायत मिलते ही त्वरित निराकरण करे। निरीक्षण के दौरान रतलाम नगर निगम आयुक्त अनिल भाना सहित नगर निगम के शासकीय सेवक उपस्थित थे।

**पाईप लाईन सुधार जारी**

कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्य प्रदेश शासन चैतन्य काश्यप के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल व्यवस्था हेतु पेयजल की जांच एवं पाइपलाइन मरम्मत हेतु नगर निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है। राविवार को जिले के चौमुखी पुल चांदनी चौक, करमदी रोड, ओझाखली में कुंजड़ो का वास में निगम द्वारा मरम्मत का कार्य किया गया।

## राजस्व अधिकारी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें : कलेक्टर

**रतलाम।** तहसील न्यायालय संबंधी प्रकरणों के निराकरण के संबंध में कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले के तहसील न्यायालय में प्रचलित सीमांकन, बटवारा, कब्जा विवाद, देव स्थान, रास्ता विवाद, नामांतरण मामलों आदि के संबंध में जिले के राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

**राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न**

उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी खासकर रास्ता विवाद के मामलों में फील्ड में जाएं और दोनों पक्षों में आपस में सहमति कराकर प्रकरणों का निराकरण करें। सभी मामलों की सूची तैयार की जाए प्रकरणों को दर्ज किया जाए तथा मामलों की सूची तहसील कार्यालय में चस्पा की जाए और प्रतिदिन किये जा रहे प्रकरणों के निराकरण में स्व मूल्यांकन करें और कार्यों में प्रगति लाए।

तहसील न्यायालय से जारी नोटिस की तामिल कराई जाए। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तीव्र गति से करे। कोई भी किसान शेष नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर अपने अधीन तहसील कार्यालय में किये जा रहे न्यायालय संबंधी निराकरण की भी समीक्षा करें। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## रतलाम अकाउंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बने पुरुषोत्तम पांचाल

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** बड़बड़ हनुमान मंदिर पर रतलाम अकाउंट एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा रविवार को संपन्न हुई। इसमें वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारणी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांचाल, सचिव राहुल भटेवरा, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश गहलोत निर्वाचित हुए।

प्रारंभ में पूर्व अध्यक्ष मनोज राठौड़, उपाध्यक्ष अंशुल ऐरन, सचिव संजय शर्मा, सह-सचिव अखिलेश ओझा, सह-कोषाध्यक्ष अनुज गंगवाल द्वारा साल भर के कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही आयोजन में वर्ष 2025 के सभी सम्माननीय सदस्यगण को स्मृति चिन्ह भेट कर संम्मानित किया तत्पश्चात चुनावी प्रक्रिया पूर्ण हुई।



### सब्जी लेकर लौट रही महिला कुएं में गिरी, मौत

**जावरा।** पुलिस थाना कालूखेड़ा अंतर्गत ग्राम सेमलिया मजरा में शनिवार देर शाम एक विवाहिता महिला की अपने ही कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस थाना प्रभारी मोहनसिंह मौर्य ने बताया कि धापूबाई पति दुर्गेश पाटीदार 32 वर्ष निवासी सेमलिया मजरा गत रात्रि में अपने ही कुए पर सब्जी लेने गई थी, अंधेरे में कुएं के पास से निकलते समय पैर फिसल जाने से बिना मुंडेर के कुएं में गिर गई। जिसको तत्काल ग्रामीणों मदद से कुएं से बाहर निकाल कर जावरा शासकीय चिकित्सालय भेजा गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मृग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## नए साल में डीआईजी की नई पहल : 'जनसंवाद' के जरिए टटोली शहर की नब्ज

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल और विश्वास का माहौल बनाने के लिए रतलाम रेंज के डीआईजी निमिष अग्रवाल ने नववर्ष के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण नवाचार किया है। डीआईजी ने शहर के नागरिकों और प्रबुद्धजनों के साथ 'जनसंवाद' कार्यक्रम आयोजित कर शहर की ज्वलंत समस्याओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की।

**व्यापारियों से की सीसीटीवी लगवाने की अपील**

संवाद के दौरान डीआईजी श्री अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के उद्देश्य से सभी व्यापारियों से विशेष अनुरोध किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों के अंदर और बाहर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। उन्होंने कहा कि तकनीकी सहयोग से अपराधों की रोकथाम और अपराधियों को पकड़ने में बड़ी मदद मिलती है। संवाद में नागरिकों ने शहर की बुनियादी समस्याओं को मजबूती से रखा, जिस पर डीआईजी ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। बाजार क्षेत्र में पार्किंग समस्या के समाधान हेतु आजाद चौक की खामियों को दूर कर उसका सदुपयोग करने और अन्य वैकल्पिक स्थान विकसित करने के सुझाव दिए गए। ई-रिक्शा के पॉइंट सुनिश्चित करने, चालकों के लाइसेंस व दस्तावेजों की जांच और उनका पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य करने की मांग उठी। अपराध के समय जवाबदेही तय करने हेतु मुख्य चौराहों पर बीट प्रभारी के मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया ताकि जनता सीधे संपर्क कर सके। कार्यक्रम में झमक भरगट, संजय छाँजेड, ललित चोरडिया, प्रितेश गादीया, राज लुनिया, सुमित तलेरा, मयंक भटेवरा, संदीप छाँजेड, कमलेश बम और बल्लु बरमेचा सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





### निर्वाचन नामावली का गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य हेतु प्रशिक्षण संपन्न

**रतलाम।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावली का गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य के दौरान नोमैपिंग वाले मतदाताओं को जारी किए गए नोटिसों की सुनवाई के संबंध में को उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर एवं अधीनस्थ स्टाफ को प्रशिक्षण दिया एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समयावधि में कार्य करने हेतु निर्देशित किया।



## मध्य प्रदेश हैंडबॉल टीम का जावरा बस स्टैंड पर किया स्वागत

**जावरा।** 69 वीं राष्ट्रीय एसजीएफ आई हैंडबॉल मिनी बालक-बालिका प्रतियोगिता आज 5 जनवरी से 10 जनवरी तक राजस्थान के चितोडगड मे आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता मे मध्य प्रदेश हैंडबॉल टीम भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने जा रही है। प्रि-नेशनल कैंप 29 दिसम्बर से 3 जनवरी 26 तक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कुक्षी मे आयोजित किया गया। आज 4 जनवरी को कुक्षी से चितोडगड जाते समय मध्यप्रदेश की टीम को जावरा बस स्टेण्ड पर रोककर स्वागत अभिनन्दन किया गया। स्वागतकर्ता मे मुख्य रूप से एडवोकेट ओमप्रकाश बघेरवाल, जिला हैंडबॉल एसोसिएशन सचिव विजय रावल, जावरा हैंडबॉल क्लब के सिकंदरसिंह सिसोदिया, अंसार हुसैन, शाहिद हुसैन, शब्बीर हुसैन बोहरा, अक्षय बैरागी, अक्षत जैन, विजय बैरागी, अजय बैरागी, जीतेन्द्र जयंत, जयेश माली, वरुण नरसिंघानी आदि ने बालक वर्ग के 16 खिलाडियों एवं 16 बालिका वर्ग के खिलाडियों को एवं इनके कोच, मैनेजर और टीम जनरल मैनेजर राधेश्याम गडवाल, जाकीर खान का स्वागत अभिनन्दन कर स्वल्पाहार करवाकर सभी को अग्रिम शुभ कामनाएं दी और प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना किया।

**आयोजन** — मॉर्निंग वॉक क्लब के नववर्ष समारोह में समाजसेवा को मिला सम्मान का मंच

## शेखर की समाज के प्रति संवेदनशीलता राष्ट्रीय स्तर तक हुई स्थापित

नवभारत न्यूज

**जावरा।** समाजसेवी शेखर नाहर को उनके निस्वार्थ सेवा कार्यों, सरल स्वभाव और सतत समर्पण के लिए मॉर्निंग वॉक क्लब द्वारा होटल गोल्डन लीफ पर आयोजित नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह में सम्मानित किया। यह समारोह केवल सम्मान का नहीं, बल्कि समाज सेवा को नई ऊर्जा देने वाला प्रेरणास्रोत बन गया। कार्यक्रम में समाजसेवी कानसिंह चौहान एवं कैलाश विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि शेखर की समाज के प्रति संवेदनशीलता केवल नगर तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक उनकी प्रतिष्ठा स्थापित हो चुकी है। ऐसे व्यक्तित्वों का सम्मान समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि यही लोग नई पीढ़ी को सेवा और नैतिकता की राह दिखाते हैं। बताते चले, मॉर्निंग वॉक क्लब, जो 60 से 65 स्वास्थ्य-जागरूक नागरिकों का सक्रिय समूह है, ने इस अवसर पर यह संदेश दिया कि समाजसेवियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना सामाजिक चेतना को मजबूत करता है। क्लब के सदस्यों ने पुष्पमालाओं, शाल एवं श्रीफल भेंट कर नाहर का आत्मीय अभिनंदन किया और उन्हें अभिनंदन पत्र प्रदान किया। इस गरिमामयी समारोह में पूर्व नपाध्यक्ष तथा वर्तमान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यूसुफ कड़पा, नपा उपाध्यक्ष तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कीर्तिशरण सिंह, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष हरिराम शाह, लायंस क्लब अध्यक्ष यश जैन, भारत विकास परिषद अध्यक्ष पप्पूसिंह, यज्ञ समिति से जगदीश राठौड़, गोशाला समिति से प्रकाश मांदलिया, आर्ट ऑफ लिविंग से प्रदीप शर्मा, जन अभियान परिषद से शिवेंद्र माथुर, पत्रकार संघ से पवन शर्मा सहित पत्रकार, शिक्षाविद, व्यापारी संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### पप्पू शर्मा की गीत प्रस्तुति से यादगार बना समारोह

मार्निंग वॉक क्लब के निरंजन भाटी एवं सुरेन्द्र सारड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में पप्पू शर्मा की मधुर एवं शानदार गीत प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भावनात्मक और उल्लासपूर्ण बना दिया, जिससे समारोह और भी यादगार हो गया। अपने उद्बोधन में शेखर नाहर ने कहा कि उन्हें सेवा की प्रेरणा अपने पिता स्व. मदनलाल नाहर, अपनी अर्धांगिनी स्व. संगीता नाहर तथा माता इंदिरा नाहर से मिली है। उन्होंने समाज सेवा के पथ पर जीवनपर्यंत चलते रहने का संकल्प दोहराते हुए समाजजनों से भी सेवा कार्यों में सहभागिता एवं सहयोग की अपील की। स्वागत भाषण संस्था के फाउंडर डॉ. दिलीप शाकल्य ने दिया, अभिनंदन पत्र का वाचन अभय श्रीवास्तव ने किया। संचालन दिनेश सुराना ने किया। आभार तरुणसिंह तोमर ने माना।